# प्राथमिक बीज उत्पादक सहकारी समितियों को बीज संघ की सदस्यता

## चर्चा में क्यों?

29 अगस्त, 2023 को मध्य प्रदेश सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में हुई मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बीज उत्पादक एवं विपणन संघ की संचालक मंडल की बैठक में 8 प्राथमिक बीज उत्पादक सहकारी समितियों को बीज संघ की सदस्यता प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

## प्रमुख बिंदु

- इस बैठक में बीज संघ की वार्षिक साधारण सभा 12 सितंबर को आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।
- केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के निर्देशन में मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी एक्ट-2002 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर गठित भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड की सदस्यता से अवगत कराते हुए प्रबंध संचालक ए.के. सिंह ने बताया कि बीज संघ के अतिरिक्त 282 प्राथमिक बीज समितियों और 32 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा संघ की सदस्यता ग्रहण की जा चुकी है।
- संचालक मंडल की बैठक में वार्षिक साधारण सभा में रखे जाने वाले अनिवार्य विषयों के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- मध्य प्रदेश में निर्मित बीज संघ के गोदाम-सह-ग्रेडिंग प्लांट में सुरक्षा की दृष्टि से चारों ओर वायर फेंसिंग कराए जाने का भी निर्णय लिया गया।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/membership-of-seed-association-to-primary-seed-producer-cooperative-societies